प्रेस–विज्ञप्ति

दिनांकः– 06.02.2020

सड़क सुरक्षा सप्ताह

दिनांक 04 फरवरी से 10 फरवरी 2020

आज दिनांक 06.02.2020 को 31वां सड़क सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन श्रीमान् प्रफूल्ल कुमार, पुलिस आयुक्त, जोधपुर की अध्यक्षता में श्री कालूराम रावत, पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर, श्री नाथूसिंह अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर, श्री चैनसिंह महेचा सहायक पुलिस आयुक्त, यातायात पश्चिम, जोधपुर मय यातायात शिक्षा टीम जीत ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूट, मोंगड़ा पाली रोड़, जोधपुर के ऑडिटोरियम में यातायात शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता पुलिस आयुक्त जोधपुर द्वारा 900 विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता जाने के लिए अभिप्रेरित किया गया, साथ ही साईबर क्राईम के बारें में जानकारी प्रदान की गई। इसी क्रम में माहेश्वरी सीनियर सैकेण्डरी स्कूल सिंवाची गेट जोधपुर एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सरदारपुरा जोधपुर में यातायात शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के साथ माहेश्वरी विद्यालय में यातायात निबन्ध प्रतियागिता का आयोजन किया गया।

यातायात पुलिस, परिवहन विभाग, डॉ. कामदार आई हॉस्पीटल,जोधपुर के संयुक्त तत्वाधान में किसान भवन पावटा एवं लॉयन्स क्लब जोधपुर व सिटी बस एसोसियेशन के संयुक्त तत्वाधान में आर्य समाज भवन मण्डोर जोधपुर में आमजन एवं वाहन चालकों हेतु निःशुल्क नेत्र जॉंच शिविर का आयोजन किया गया।

नई सड़क चौराहा पर यातायात नियमों की होर्डिग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया व प्रमुख चौराहो पर आमजन व वाहन चालकों को पैम्पलेट वितरण के साथ वाहनों पर स्टीकर, रिफ्लेक्टर चिपकाये गये।

दिनांक 07.02.2020 को विद्यालयों में यातायता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम व यातायात प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। शहर के प्रमुख चौराहा पर यातायात नियमों के पैम्पलेट वितरण के साथ वाहनों पर स्टीकर, रिफ्लेक्टर चिपकाये जायेंगे। डॉ. कामदार आई हॉस्पीटल के सहयोग से किसान भवन पावटा, जोधपुर द्वारा निःशुल्क आंखो की जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। सोहनलाल मनिहार बालिका सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के सहयोग से श्री महेश पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल प्रथम पुलिया चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड, जोधपुर में लघु नाटिका का आयोजन किया जायेगा।

इस सड़क सुरक्षा सप्ताह का मुख्य उद्धेश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं आमजन में यातायात नियमों की जानकारी व जागरूता उत्पन्न करना है। आमजन व वाहन चालकों से भी अपील की जाती है कि वह यातायात नियमों की पालना कर सड़क सुरक्षा सप्ताह को सफल बनावें।

''युवा शक्ति के माध्यम से परिवर्तन''

"Bringing Change Through Youth Power"

ओर से

(नाथूसिंह)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त

यातायात, जोधपुर

EXIT

airtel
SAMSUNG
Ashish Mobile
आशीष मोबाईल्स
vivo
SAMSUNG
Manish Mobile
GOKUL
TEA & DRY FRUITS
सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा

31 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह